# University in News on 03 September 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## विश्व स्तरीय रैंकिंग में आया लविवि

लखनऊ। लखनऊ विवि ने पहली बार विश्व की प्रतिष्ठित पत्रिका की रैंकिंग में स्थान हासिल किया है। हालांकि रैंकिंग में लविवि एक हजार से भी ज्यादा की पायदान पर है। विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस रैंकिंग में कुल 63 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। इनमें आईएससी, आईआईटी, तकनीकी और चिकित्सा विश्वविद्यालय शामिल हैं। बताया जाता है कि इस प्रतिष्ठित रैंकिंग के आवेदन के लिए पिछले 5 साल में 1500 पब्लिकेशन होना आवश्यक है।

**HINDUSTAN PAGE 4**

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने टाइम्स रैंकिंग में जगह बनाई

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी की गई टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में जगह बनाई है। दावा है कि आईआईएससी, आईआईटी और आईआईएम जैसे देश के टॉप 63 संस्थानों को ही रैंकिंग में शामिल होने का मौका मिला। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय भी एक है।

लविवि के 100 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार है जब विवि प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय रैंकिंग में जगह पाने में सफल हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शताब्दी वर्ष में इसे विश्वविद्यालय के लिए सबसे बड़ा तोहफा बताया है। कुलपति ने बताया कि टाइम्स रैंकिंग में आवेदन के लिए पिछले 5 साल में 1500 पब्लिकेशन के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल स्कोप में प्रकाशित होने की अनिवार्यता है। कुलपति ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में जगह पाने वाले देश के 63 संस्थानों में करीब 14- 15 संस्थान लखनऊ विश्वविद्यालय के बाद हैं।

अभी हाल में ही एक मैगजीन की ओर से जारी रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को देश में भर के उच्च शिक्षा संस्थानों में 22वें स्थान स्थान मिला है। इस रैंकिंग में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने देश में पहला स्थान पाया है।

**TOI PAGE 2**

## LU in global list of top universities

Lucknow University bagged a spot in the range of 1,000 to 1,500 in the Times Higher Education World University Ranking 2021, an annual publication by a United Kingdom-based magazine. LU was among the 63 Indian institutions like IITs, IISER and JNU to feature in the list. The publication assigns ranks to the top 300 institutions, while for others it gives ranks in a range.